तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 6 नवंबर 2024

11 महाविद्यालयों में बैठने की जगह नहीं, स्वाध्यायी...



12 देवडोंगर और चारडीही के ग्रामीणों को नहीं मिल...





## खबर संक्षेप



### कैमरे में कैद हुई तेदुए की तस्वीर

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के कुल्हाडीघाट वन परिक्षेत्र में मवेशी का शिकार करते एक तेन्दुआ की तश्वीर कैमरे में कैद हुई है। यह तश्वीर उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने उपलब्ध कराते हुए बताया कि जंगल में जगह- जगह लगाये गये ट्रैप कैमरा में लगातार वन प्राणियों की तस्वीर आ रही है।

### पुराने विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम नवागांव में पुराने विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर प्रार्थी गोविंद कुमार नवागांव ने बताया कि पूर्व में धान फसल को गाय, बैल द्वारा चरने के विवाद को लेकर आए दिन भूपेंद्र धुव के द्वारा उसके पिता बनउराम साहू को गाली और जान से मारने की धमकी दिया जाता है। 4 नवंबर को लगभग शाम 5 बजे मेरे पिता घर से निकल कर खेत की ओर जा रहे थे। तभी गांव के स्कुल के सामने आरोपी भूपेंद्र ध्रुव ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे डंडे एवं हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में खल्लारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### आवेदन देने जा रहे शख्स से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम डोंगरीपाली में धान उपार्जन खोलने की मांग को लेकर एसडीएम पिथौरा को आवेदन देने जा रहे शख्स के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट की तथा आवेदन को फाड़ दिया।पुलिस को अमर सिंह ग्राम डोंगरीपाली ने बताया कि गांव में धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा को आवेदन देने के लिए सुबह करीब 8 बजे जा रहा था, तभी ग्राम छोटेलोरम की बीच गली में आरोपी उत्तर कुमार बरिहा के द्वारा आवेदन को फाड़कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दो युवकों के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने एक युवक द्वारा अलग-अलग समय में दो लोगों के साथ मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 17 निवासी रिंकू बंजारा 4 नवंबर की शाम 5 बजे अपने दोस्तों के साथ सिटी सिनेमा के पास खड़ा था। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# नगर में पेयजल व्यवस्था ठप, जनपद सीईओ के आदेश के बावजूद नहीं हुआ सुधार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर**

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के लोग पिछले डेढ-दो माह से पेयजल के लिए तरस रहे हैं। नगर में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है, पिछले दिनों पेयजल समस्या को लेकर नगर के लोगों ने जनपद पंचायत पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी से पेयजल प्रारंभ करवाने की मांग किया था। जिस पर जनपद सीईओ ने तत्काल ग्राम पंचायत के सचिव को बुलाकर दीपावली त्यौहार से पहले नल जल योजना प्रारंभ करने का निर्देश दिया था और स्वंय जनपद पंचायत सीईओं डीएस नागवंशी नल जल योजना का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्हे बताया गया था कि मैनपुर नगर में दो ओवरहैड टैक के माध्यम से पूरे नगर में पेयजल की सप्लाई किया जाता है लेकिन दोनों ओवरहैड टैंक पिछले डेढ -दो माह से बंद है जिसका मुख्य कारण एक ओवरहैड टैंक के पाइप लाइन के नोजल में खराबी आने के कारण पानी सप्लाई नहीं हो रहा है और दूसरा ओवरहैड टैंक के सबमर्सिबल पंप से लगातार केबल की चोरी होने के कारण ट्युबवेल नहीं चलने से नल जल योजना बंद हो गई है, जिस पर मैनपुर सीईओ ने नराजगी जताते हुए दीपावली त्यौहार से पहले ही नल जल योजना को प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया था लेकिन दीपावली त्यौहार सम्पन्न होने के बाद भी मैनपुर नगर के दोनों नल जल योजना बंद पड़ी हुई है। कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है, जबकि नल जल योजना को प्रारंभ करवाने में महज 10 से 15 हजार रूपये की लागत है।

## पाइप लाइन के नोजल में खराबी आने के कारण नहीं हो पा रही सप्लाई

### लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी ने कहा कि दीपावली पर्व से पहले ही नल जल योजना सुधार करने का निर्देश दिया गया था और मै स्वंय निरीक्षण भी किया था लेकिन अब तक क्यों सुधार नहीं हुआ पता करता हूं। उन्होने कहा कि लापरवाही पर कार्रवाई किया जायेगा।


समस्या : शिकायत के बावजूद ठीक नहीं हो रही पेयजल की व्यवस्था

नल-जल योजना ठप, नगर के लोग डेढ़ माह से पेयजल के लिए तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

व्यवस्था में जल्द होगा सुधार

सीईओ ने तत्काल सुधार करवाने के दिए निर्देश

### नहीं हो रहा समस्या का समाधान

लाखों रुपए का राजस्व प्राप्त करने वाले मैनपुर नगर के लोगों को तकनीकी खराबी के कारण पिछले दो माह से ओवरहैड टैंक के माध्यम से पानी नहीं मिल पा रहा है। मजबूरन ग्रामीण व नगरवासी हैंडपंपों से पानी जुटाने दिनभर मेहनत करते है, एक तरफ राज्य व केन्द्र सरकार नल जल योजना के माध्यम से गांव -गांव पेयजल उपलब्ध कराने करोड़ों रुपए खर्च कर रही है तो दूसरी तरफ तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में लोगों को ओवरहैड टैंक से पानी नहीं मिल पा रहा। जबकि मैनपुर नगर में ब्लॉक और अनुविभाग स्तर के आला अधिकारी निवास करते है, बावजूद इसके इस समस्या का अब तक समाधान नहीं होना संबंधित विभाग की लापरवाही और उदासीन रवैये को दर्शाता है।

## राज्योत्सव : स्कूली बच्चों व स्थानीय कलाकारों ने दी छत्तीसगढ़ी नृत्य और गीतों की प्रस्तुति

# गरियाबंद बनेगा उत्कृष्ट जिला, तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा : विधायक धर्मजीत







**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद**

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय में एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गरियाबंद के गांधी मैदान में हुआ, जहां मुख्य अतिथि के रूप में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश के विकास की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितकारी योजनाओं से जनता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने किसानों को धान का बोनस और प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से मूल्य निर्धारण जैसे फैसलों को सराहा। धर्मजीत सिंह ने कहा कि वन क्षेत्र से परिपूर्ण ▸▸ शेष पेज 11 पर

### हितग्राहियों को किया गया सामग्री वितरण

राज्योत्सव के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया गया। इनमें उज्जवला गैस कनेक्शन, दवाई-बीज, किसान क्रेडिट कार्ड, सिलाई मशीन, चेक राशि, बीज व खाद किट, आयुष्मान कार्ड आदि शामिल थे। श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुधन विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग और मछली पालन विभाग ने इस अवसर पर हितग्राहियों को सामग्री देकर लाभान्वित किया।




### स्कूली बच्चों की प्रस्तुति से झूमे लोग

राज्योत्सव के दौरान शाम को स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य और गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में भरथरी, पंडवानी, करमा, सुआ, और ददरिया नृत्य शामिल थे। स्थानीय स्कूलों जैसे कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय और सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां दी, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

### राज्योत्सव स्थल में सजा बिहान बाजार

राज्योत्सव में बिहान बाजार भी सजाया गया, जहां स्थानीय स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद जैसे हैंडबैग, साबुन, डिटर्जेंट, अगरबत्ती, फिनाइल और अन्य सामान उपलब्ध थे। सुबह से देर शाम तक लोग खरीदारी करते नजर आए। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल पर भीड़ उमड़ी, जहां लोगों ने बड़ा, भजिया, ठेठरी, खुरमी, चीला जैसे व्यंजनों का स्वाद लिया।

## आंबा सहायिका भर्ती में गड़बड़ी का आरोप कलेक्टर से शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद**

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका पद के चयन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थी रोशनी बाई निषाद ने कलेक्टर से शिकाया की है। अभ्यर्थी का आरोप है कि चयन समिति ने जानबूझकर मनमाने तरीके से अंक घटाए हैं ताकि किसी विशेष अभ्यर्थी को लाभ पहुंचाया जा सके। रोशनी बाई निषाद, निवासी ग्राम हाथबाय ने आंगनबाड़ी केंद्र हाथबाय कमारपारा और तरीपारा के सहायिका पद के लिए आवेदन किया था। इसके लिए उन्होंने अपने दस्तावेजों के साथ कक्षा 8वीं की ग्रेड आधारित अंकसूची संलग्न की थी, जिसमें उन्हें बी ग्रेड मिला है। विद्यालय द्वारा प्रमाणित इस बी ग्रेड में उन्हें 79.8% अंक दिए गए हैं। अभ्यर्थी का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र हाथबाय तरीपारा के लिए चयन समिति ने उनकी वरिष्ठता सूची में जानबूझकर 66% अंक दर्ज किए, जबकि उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर हाथबाय कमारपारा के लिए उन्हें 79.8% अंक दिए गए। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि इस प्रकार के दोहरे मापदंड से चयन में गड़बड़ी का संदेह होता है। रोशनी बाई ने दावा किया कि शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार, पूर्व माध्यमिक स्तर पर केवल ग्रेड आधारित अंकसूची दी जाती है। फिर भी चयन समिति ने ▸▸ शेष पेज 11 पर

# कोदोपाली में धान खरीदी केंद्र खोलने ग्रामीणों ने कलेक्टर से की मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला**



विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजातीय ग्राम कोदोपाली के ग्रामीण एवं क्षेत्र के किसानों ने बैठक कर उनके गांव में धान खरीदी केंद्र खोलने के लिए प्रस्ताव पारित कर गरियाबंद कलेक्टर से मुलाकात की। अभी वर्तमान में आदिम जनजाति सहकारी समिति मर्यादित पं. स. क्र 52 पीपरछेड़ी गरियाबंद के अंतर्गत प्रस्तावित धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने के लिए जाना पड़ता है। विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति बाहुल्य भौगौलिक स्थिति को देखते हुए सुविधा युक्त ग्राम कोदपाली लोहारी विकास खण्ड व जिला गरियाबंद में खोले जाने के विषय में एक दिवसीय किसान संगठन का विशेष बैठक रखी गई। जिसमें उपस्थित किसान साथियों ने कलेक्टर गरियाबंद एवं विधायक बिन्द्रानवागढ़ विधान सभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत सुची में ग्राम कोदोपाली को राज्य शासन द्वारा विभागीय मान्यता से अवगत होने समस्त संबंधित विभागीय अधिकारी ▸▸ शेष पेज 11 पर

## कलेक्टर के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन आया हरकत में

# दो सौ मवेशियों को पकड़कर भेजा कांजी हाऊस, सड़क से भी खदेड़ा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम**

खबर का असर

राजिम की सड़को पर सैकड़ो की संख्या में आवारा मवेशियों के कारण लोगों को हो रही परेशानी और दुर्घटनाओं को देखते हुए हरिभूमि ने मंगलवार को प्रकाशित खबर को लेकर कलेक्टर ने जिले के अफसरों को सख्त निर्देश दिया है। कहा कि सड़कों पर मवेशी नहीं दिखना चाहिए। कलेक्टर के आदेश का तत्काल असर राजिम नगर पंचायत क्षेत्र में सुबह से ही देखने को मिल गया। नगर पंचायत राजिम में अभी हाल ही में कार्यभार ग्रहण किए सीएमओ चंदन मानकर ने कलेक्टर के आदेश को गंभीरता से लिया और पूरा अमला को इसमें लगा दिया। जहां-जहां सड़कों पर आवारा मवेशी दिखा उसे 150-200 मवेशियों को सड़क से हटाया गया और सीधे कांजीहौस के हवाले किया गया। राजिम में गौठान की हालत बद से बदतर है जिसे अब सुधारने के लिए पहल की जा रही है। बहरहाल सड़को पर अब शायद ही लावारिश मवेशी दिखे क्योंकि जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन कड़क मोड में आ गया है। बता दें कि इन मवेशियों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। जगह-जगह झुंड में मवेशी खड़े नजर आते हैं।



### कार्रवाई जारी रहेगी

चंदन मानकर सीएमओ नगर पंचायत राजिम ने कहा की फिंगेश्वर नगर पंचायत के साथ-साथ राजिम नगर पंचायत में अभी हाल ही में पदभार ग्रहण किया हूं। कलेक्टर के निर्देश पर आज से ही आवारा मवेशियों के खिलाफ हमने कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर पंचायत का पूरा अमला इस मुहिम में लगा रहा। 150-200 मवेशियों को सड़क से हटाया गया। इन्हें कांजीहौस भेजा गया है। गौठान जर्जर हालत में है जिसे ठीक कराया जाएगा। ये कार्यवाही निरंतर चलेगा।

## अपार आईडी यू डाइस एवं परख परीक्षा को लेकर की गई चर्चा

# 'परख' से होगा विद्यार्थियों के विश्लेषणात्मक कौशल का आंकलन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर**

■ बीईओ ने प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों की ली बैठक

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केन्द्र फिंगेश्वर में विकासखंड फिंगेश्वर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों की तीन चरणों में आवश्यक बैठक लेकर अपार आई डीयू डाइस एवं परख परीक्षा विषयों पर आवश्यक चर्चा किया गया। इस अवसर पर परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के बारे में जानकारी देते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने कहा कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत आयोजित होने वाला एक मूल्यांकन है। इसका मकसद छात्रों के विषय वस्तु के ज्ञान के अलावा उनके आलोचनात्मक, सोंच, समस्या समाधान और विश्लेषणात्मक कौशल का आकलन करना है। यह कौशल का विकास करने में मदद करता है। परख के जरिए मानदंड, मानक और दिशा ▸▸ शेष पेज 11 पर



### बैठक में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, प्राचार्य एसएस कंवर, पूरन लाल साहू, मुकेश निर्मलकर, नरेन्द्र यदु चैतन्य यदु, कुमान सिंह ध्रुव, ओमप्रकाश सिन्हा, सिंधु साहू, भारती साहू, दिनेश श्रीवास, बघमार सर, यशवंत साहू, रामनारायण मिश्रा, आलोक शर्मा, नरेश साहू, टिकेंद्र यदु, संतोष ठाकुर, अशोक सोनवानी, महेन्द्र पंत, सूखेन साहू, सुनील पांडे, पारेश्वर यादव, ओंकार शर्मा, मनीष देवांगन, चेतन गायकवाड़, नेतराम तारक सहित विकासखंड फिंगेश्वर के शासकीय एवं शासकीय विद्यालय के प्राचार्य, प्रधान पाठक, संकुल समन्वयक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### बच्चों की संख्या पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश

उन्होंने आगे बताया कि अपार आईडी शाला में अध्ययनरत पहली से बारहवीं तक सभी विद्यार्थियों का बनाया जाना है। अतः अपार आईडी बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को शाला की यू डाइस में दर्ज नाम के साथ आधार कार्ड में दिए गए नाम, पिता का नाम, जाति, जन्म तिथि एवं स्पेलिंग को सही- सही मिलान करने के पश्चात अपडेट करने के बाद ही अपार आईडी जनरेट होता है। इसके साथ- साथ उन्होंने कहा कि कितने विद्यार्थियों की अपार आई डी बना है एवं कितने लोगों का नहीं बना है? व अपार आई डी जनरेट करते समय आ रही कठिनाइयों के बारे में भी जानकारी ली। वहीं पर शाला के दर्ज संख्या के अनुरूप बच्चों की संख्या यू डाइस पोर्टल में अपलोड करने के लिए निर्देशित किए।

### एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी का असफल प्रयास

**महासमुंद।** पिथौरा बस स्टैंड के पास स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी के प्रयास के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। पिथौरा थाने में एफआईआर में टीएसआई कंपनी ( ट्रांजेक्शन सॉल्यूशन इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) के जिला कार्यवाहक व प्रार्थी रूपेंद्र कुमार साहू पिता बीरेंद्र साहू (36 वर्ष) ने बताया कि महासमुंद जिले के 9 एटीएम की देखरेख की जिम्मेदारी उसे दी गई है। 3 नवंबर की रात्रि में करीब 2 बजे से 2.45 के मध्य कुछ अज्ञात लोगों द्वारा पिथौरा बस स्टैंड के पास स्थित एसबीआई में तोड़फोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया गया। सुबह सूचना मिलने पर पिथौरा बस स्टैंड के पास स्थित एटीएम की जांच कर सीसीटीवी फुटेज देखने पर दोनों एटीएम क्षतिग्रस्त स्थिति में मिले।

हरिभूमि

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### छठ पूजा में शामिल होने मुख्यमंत्री को दिया न्योता

**रायपुर।** छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट के एक प्रतिनिधिमंडल और आयोजन प्रमुख राजेश सिंह के नेतृत्व में शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और भूपेश बघेल को छठ पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। आयोजन प्रमुख ने मुख्यमंत्री को बताया कि महादेवघाट पर नवंबर 7 को संध्या अर्घ्य होगा। इसके अलावा महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। मुलाकात करने वालों में कन्हैया सिंह, संतोष सिंह, परमानंद सिंह, राकेश सिंह, संजीव सिंह, अजय शर्मा, अनिल कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, वेद नारायण, रणजीत मिश्रा, जयंत सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने दीं छठ महापर्व की शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्तर भारतीय और भोजपुरी समाज सहित समस्त प्रदेशवासियों को चार दिवसीय छठ महापर्व के शुभारंभ की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री साय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि छठ पूजा 5 नवंबर से नहाय-खाय के साथ शुरू हो रही है। छत्तीसगढ़ में सूर्य उपासना और छठी मईया के पूजन का यह पर्व आगामी 4 दिनों तक धूमधाम से मनाया जायगा। नहाय-खाय के साथ शुरू होकर यह पर्व खरना, संध्या अर्घ्य, प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ समाप्त होगा। उन्होंने छठी मइया से प्रार्थना करते हुए कहा है कि छठ पर्व सब के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

### प्राकृतिक स्रोतों से होगा बीमारियों का इलाज

**रायपुर।** आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में बनने वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में मिट्टी, पानी जैसे प्राकृतिक स्रोत के माध्यम से विभिन्न तरह की बीमारियों का इलाज किया जाएगा। यहां गैरसंचारी रोगों जैसे मोटापा, प्री-डायबिटीज, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, व गठिया आदि का उपचार किया जाएगा। 90 करोड़ की लागत से बनने वाले इस संस्थान के माध्यम से लोगों को उपचार की सुविधा मिलेगी, साथ ही बड़ी संख्या में लोगों को उपचार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस संस्थान के लिए निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा दस एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। यहां केंद्र स्पॉ और वेलनेस थेरेपी में प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम और अनुसंधान में फेलोशिप पाठ्यक्रम संचालित करेगा। इस संस्थान के शुरू होने से योग और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रभावों के बारे में नए ज्ञान का विकास होगा।

### छत्तीसगढ़ अपराधियों के शिकंजे में, कुशासन से परेशान हो रही जनता

**रायपुर।** राज्य आंदोलनकारी छसपा, छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे सहित पदाधिकारियों ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही कांग्रेस के असामाजिक तत्वों ने संगठित होकर अपराधियों के साथ अपनी फौज बना ली। भाजपा सरकार की सबसे बड़ी कमजोरी पैसा दो, काम कराओ की नीति के कारण राजधानी सहित छत्तीसगढ़ में जगह-जगह आपराधिक और अनैतिक कार्यों का बोलबाला है। इसी क्रम में एक सप्ताह में 9 हत्याएं और 4 नवंबर को जेल परिसर में गोलीकांड हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर को सर्वश्रेष्ठ अधिकारी पदक से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता एक वर्ष में ही विष्णु देव सरकार के कुशासन से परेशान हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में जघन्य, आर्थिक अपराधी, गैंगस्टर, सरकार चलाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को विष्णु देव सरकार से अच्छा मुख्यमंत्री मानने लगे हैं। राज्य आंदोलनकारियों ने गृह मंत्रालय नई दिल्ली को समस्त जानकारी प्रेषित की है।

# महाविद्यालयों में बैठने की जगह नहीं, स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए हाइब्रिड मोड में कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शहर के शीर्ष महाविद्यालयों में जगह की ऐसी कमी हो गई है कि वे अपने निजी छात्रों को अब ऑनलाइन पढ़ाई कराने जा रहे हैं। दरअसल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्वाध्यायी छात्रों के लिए भी निर्धारित दिनों तक कक्षाओं में उपस्थित रहना अनिवार्य कर दिया गया है। शहर के बड़े महाविद्यालयों में सीट के लिए मारामारी की स्थिति रहती है। ऐसे में प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए बैठक व्यवस्था बनाने में निजी महाविद्यालयों को मशक्कत करनी पड़ रही है। हालात को देखते हुए शहर के शीर्ष महाविद्यालयों ने ऑनलाइन मोड में कक्षाएं संचालित करने का निर्णय किया है।

कई संकाय ऐसे हैं, जिनमें छात्र संख्या कम होती है। इन संकाय के विद्यार्थियों की कक्षाएं ऑफलाइन मोड में होंगी। बीए, बीकॉम में रेगुलर और प्राइवेट दोनों ही विद्यार्थी पर्याप्त संख्या में होते हैं। ऐसे में इनके लिए ऑनलाइन कक्षाएं होंगी। इसके अलावा प्रायोगिक कार्य ऑफलाइन होंगे।

नियमित छात्रों के लिए संचालित होने वाली कक्षाओं को ही ऑनलाइन लाइव प्रसारण की भी व्यवस्था कई महाविद्यालयों द्वारा की जा रही है, ताकि उनके लिए पृथक रूप से कक्षाओं का शेड्यूल ना बनाना पड़े।

### घटी है छात्र संख्या

गौरतलब है कि दुर्गा कॉलेज, महंत कॉलेज, डागा गर्ल्स कॉलेज में निजी विद्यार्थियों के लिए सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। हालांकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए नियमों के बाद मौजूदा सत्र में बीते सत्र की तुलना में छात्र संख्या घटी है। इस कारण इस बार केंद्र संख्या में भी कटौती की जा सकती है।


फाइल फोटो

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए भी अनिवार्य है 45 दिनों की कक्षाएं
- मौजूदा सत्र से लागू की जा चुकी है नई व्यवस्था, अब महाविद्यालय प्रबंधन कर रहा माथापच्ची

### सुविधानुसार बंदोबस्त

मंगलवार को सभी स्वाध्यायी छात्रों को बुलाया गया है। इसके बाद छात्रों से चर्चा करते हुए उनकी सुविधानुसार ऑफलाइन-ऑनलाइन कक्षाएं संचालित होंगी। जगह की कमी होने पर हाइब्रिड कक्षाएं संचालित करेंगे।

\- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत महाविद्यालय

### आंतरिक मूल्यांकन पूर्व निर्धारित तिथियों में नहीं

जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार, स्वाध्यायी छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन 1 से 10 नवंबर तक किया जाना था। इसके पूर्व प्राइवेट छात्रों को 20 अक्टूबर तक का समय ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिया गया था। इसके बाद छात्रों को संबंधित महाविद्यालय में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाकर फीस जमा करनी थी। इस मध्य दीपावली अवकाश भी घोषित कर दिया गया। प्रवेश प्रक्रिया में विलंब व अन्य कारणों के चलते तय वक्त पर स्वाध्यायी छात्रों की कक्षाएं प्रारंभ नहीं हो सकीं। अब आंतरिक मूल्यांकन भी पूर्व निर्धारित तिथियों में नहीं होगा।

## आपातकालीन स्थिति से निपटने किया रिहर्सल

# ट्रेन में बम की सूचना पर मॉक ड्रिल आरपीएफ ने खाली कराया प्लेटफार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 पर सोमवार सुबह सारनाथ एक्सप्रेस में बम मिलने की सूचना मिलने के बाद यात्रियों के बीच भगदड़ मच गई। सूचना मिलने के कुछ ही मिनटों में आरपीएफ व जीआरपी के जवान तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गए।

भगदड़ में घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया गया, तो वहीं एक टीम पूरे ट्रेन में बम की जांच करती रही। इस दृश्य को देखकर यात्री भी घबरा गए कि रेलवे स्टेशन में कहीं कोई बड़ी घटना तो नहीं हो गई! दरअसल यह एक मॉकड्रिल थी, ताकि भगदड़ जैसी आपातकालीन स्थिति में तत्काल राहत और बचाव मिल सके। इसके लिए जीआरपी, आरपीएफ और सिविल डिफेंस ने अभ्यास किया। मॉक ड्रिल में 50 से अधिक अधिकारी मौके पर तैनात थे। इस दौरान यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए और घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

हरिभूमि सरोकार

स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए। यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा करते समय सतर्क रहें और आपातकालीन स्थितियों में धैर्य बनाए रखें।

**आरपीएफ व जीआरपी और सिविल डिफेंस की टीम ने मॉक ड्रिल में भगदड़ को नियंत्रित करने किया अभ्यास**





### एक घंटे तक चली मॉक ड्रिल

रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में इनदिनों भारी भीड़ है। ऐसे में मुंबई की तरह रेलवे स्टेशन में भगदड़ राजधानी में भी होने की आशंका है। मॉकड्रिल के जरिए रेलवे भगदड़ जैसे रेलवे हादसे से निपटने के लिए रेलवे की टीम को पूरी तरह से तैयार कर रहा है। यह अभ्यास समय-समय पर किया जाता है। बचाव के दौरान लगने वाले समय का भी आकलन किया गया। मॉक ड्रिल में टीम ने सबसे पहले अधिक से अधिक यात्रियों को भगदड़ स्थल से बाहर निकालने का प्रयास किया। रायपुर में यह मॉक ड्रिल एक घंटे तक चली, जो सफल रही।



### भीड़ से यात्रियों को बचाने किया अभ्यास

आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता ने बताया कि दीपावली के त्योहार को लेकर रेलवे यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेलवे पूरी तरह से मुस्तैद है। रेलवे का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षा देना है। दीपावली के त्योहार पर ट्रेनों में भीड़ रहती है। ऐसे में अफवाहों के चलते होने वाली भगदड़ से निपटने के लिए रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल के दौरान बम होने की सूचना सामने आने पर यात्रियों के बीच होने वाली भगदड़ में घायलों को अस्पताल पहुंचने को लेकर रिहर्सल की गई। इस दौरान स्टेशन पर बम होने की सूचना सामने आने के बाद यात्रियों के बीच होने वाली भगदड़ में घायलों को अस्पताल पहुंचाने को लेकर रिहर्सल की गई। मॉक ड्रिल के दौरान चयनित स्थान की घेराबंदी करते हुए स्थिति को नियंत्रित करने की रिहर्सल की।

# सीएम यादव बोले- हर घर में गोवंश का होना चाहिए पालन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- यादव समाज के दीपावली मिलन में हुए शामिल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुरानी बस्ती में सर्व यादव समाज के दीपावली मिलन समारोह में कहा, भगवान राम और अन्य सभी अवतार भगवान विष्णु के ही रूप हैं और भाजपा का एकमात्र उद्देश्य भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने गोवंश संरक्षण का आह्वान करते हुए कहा, हर घर में गोवंश का पालन होना चाहिए, जिससे हर घर गोकुल का रूप ले सके।

कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल समेत यादव समाज के कई प्रमुख प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस दौरान सीएम साय और सीएम यादव ने यादव समाज के लोगों से रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने की अपील भी की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, भारत माता की जय का उद्घोष हमें हमारी संस्कृति से जोड़ता है और हमें धर्म के मार्ग पर अडिग रहना चाहिए, यही हमें आगे बढ़ाता है। डॉ यादव ने मथुरा में भगवान कृष्ण का भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प दोहराते हुए भाजपा को हर बार प्रचंड जीत दिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, जिस प्रकार दक्षिण रायपुर की जनता ने बृजमोहन अग्रवाल को बड़ी जीत दिलाई, वैसे ही अब सुनील सोनी को भी विजयी बनाना है। उन्होंने यह भी कहा, उनकी सरकार जनता के लिए सभी कार्य समय पर करती आई है और आगे भी करेगी। चुनाव के बाद पट्टा वितरण की योजना पर भी काम किया जा रहा है।

# उजियार हमर चिन्हारी सामूहिक लोकनृत्य 9 को

- सामूहिक लोकनृत्य सुआ, करमा और राउत नाचा की प्रस्तुति
- बच्चों के लिए धान एवं बांस शिल्प कला की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


फाइल फोटो

उजियार हमर चिन्हारी का आयोजन 9 तारीख को टिकरापारा स्थित हरदेवलाला मंदिर में किया जा रहा है। इसमें बच्चों के लिए धान व बांस शिल्प पर कार्यशाला होगी। वहीं करमा, सुआ और राउत नाचा सामूहिक नृत्य का आनंद दर्शक उठा सकेंगे।

उजियार संस्था के संस्थापक नागेश वर्मा ने बताया कि युवा पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जोड़ने यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें छत्तीसगढ़ की बहुरंगी संस्कृति को उजियार के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। पिछली बार की तरह इस बार भी नए कॉन्सेप्ट के साथ उजियार कार्यक्रम के लिए संस्था के युवा तैयारी में लगे हैं।

श्री वर्मा ने बताया, कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित होगा। बच्चों के लिए इस बार धान एवं बांस शिल्प कला की कार्यशाला रखी गई है, जिसमें रामकुमार पटेल, पाटन आर्ट गैलरी और चन्द्रप्रकाश, धान कलाकार प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे। दूसरे चरण में ओपन माइक के माध्यम से युवा पीढ़ी प्रतिभा को निखारने का मौका दिया जाएगा। गीत संगीत की प्रस्तुति होगी और तीसरे चरण में सांस्कृतिक संझा में सभी युवा मिलकर सामूहिक लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। इसमें प्रतिभागी करमा, सुआ, पंथी, राऊत नाचा में थिरकेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव, छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता व निर्देशक मोहित साहू, विशिष्ट अतिथि, खास पहुना में अंचल के कवि व गीतकार मीरअली मीर, सुशील भोले, रंगकर्मी राकेश तिवारी, लोकगायिका कविता वासनिक, फिल्म कलाकार राजू शर्मा, गायक अनुराग शर्मा, डॉ आकांक्षा साहू, वार्ड पार्षद चंद्रपाल धनगर, अंतरराष्ट्रीय रंगोली कलाकार प्रमोद साहू शामिल होंगे।

# बिगड़ा पहला ऑक्सीजन प्लांट बनकर तैयार दूसरा चालू नहीं हो पाया, तीसरे की शिफ्टिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आयुष विवि से डीके अस्पताल लाया जा रहा तीसरा ऑक्सीजन प्लांट
- दूसरे सरकारी अस्पताल के मरीजों को जरूरत पर दे सकेंगे ऑक्सीजन

कोरोना काल के बाद बिगड़ा डीके अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट अब सुधर गया है। जल्दी ही विशेषज्ञों की कमेटी की ओके रिपोर्ट के बाद इसका उपयोग शुरू कर दिया जाएगा। पीएम केयर फंड से स्थापित प्लांट तकनीकी दिक्कतों के कारण शुरू नहीं हो पाया है और आयुष विवि परिसर से तीसरे ऑक्सीजन प्लांट की शिफ्टिंग का काम प्रारंभ कर दिया गया।

हरिभूमि सरोकार

दावा किया जा रहा है कि डीके अस्पताल परिसर में लगाए गए तीनों प्लांट अगर एक साथ एक्टिव हो जाते हैं, तो उससे उत्पादित होने वाला ऑक्सीजन जरूरत होने पर दूसरे सरकारी अस्पताल को भी सप्लाई किया जा सकेगा। अभी अस्पताल अपने मरीजों के लिए ही ऑक्सीजन खरीद रहा है, जिस पर हर महीने लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। 2022 से बिगड़े प्लांट को चमकी-धमकी के बाद सीजीएमएससी द्वारा तय की एजेंसी ने पुनः सुधारना शुरू किया था, जिसका काम पूरा हो चुका है।

अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा ने बताया कि प्लांट की उपयोगिता साबित करने के लिए विशेषज्ञों की कमेटी का गठन किया गया है जो हर एंगल से प्लांट का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर रही है। रिपोर्ट अगर ओके होता है तो इसका उपयोग किया जा सकेगा जिससे अस्पताल प्रबंधन का एक बड़े खर्च की बचत होगी।



फाइल फोटो

### आयुष विवि के प्लांट की शिफ्टिंग

कोरोना की महामारी के दौरान आयुष विवि में बनाए गए कोविड केयर सेंटर के लिए वहां ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई थी। आपदा समाप्त होने के बाद प्लांट बेकार पड़ा था। इसे डीके अस्पताल में शिफ्ट करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसे पीएम केयर प्लांट के समीप रिक्त भूमि पर लगाया जाएगा। इसके लिए वहां निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है और आने वाले दिनों में इसे एक्टिव कर दिया जाएगा।

### अनुमति के लिए पत्र व्यवहार

अस्पताल परिसर में कोरोनाकाल के दौरान पीएम केयर फंड से लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई थी। काफी खर्च के बाद अस्पताल के भीतर तक पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा किया गया, मगर इसके उपयोग के लिए अनुमति लेने की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा अनुमति पत्र हासिल करने के लिए सीजीएमएससी के जिम्मेदारों से पत्र व्यवहार किया है।

# शादियों के लिए अभी से सभी होटल और मैरिज हॉल बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 12 नवंबर से गूंजेगी शहनाई, हर सेक्टर में होगी जमकर कमाई

दीपावली के बाद 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी से इस साल फिर से शहनाई गूंजेगी। नवंबर और दिसंबर के दो माह में करीब डेढ़ दर्जन मुहूर्त हैं। इसके लिए पहले से ज्यादातर होटल और मैरिज हॉल पैक हो गए हैं। इस दो माह के सीजन में हर सेक्टर को मिलाकर करीब 400 करोड़ की कमाई होने का अनुमान है। शादियों के सीजन को लेकर हर सेक्टर में बूम है। सराफा में जहां सोने-चांदी की जमकर खरीदारी हो रही है, वहीं बर्तन, कपड़े और वाहनों की भी बिक्री हो रही है।

इस साल अक्षय तृतीया के बाद शादियों का मई और जून में मुहूर्त न होने कारण शादियां नहीं हुई हैं। जुलाई में जरूर आधा दर्जन मुहूर्त में शादियां हुई थीं, लेकिन इसके बाद से लोगों को मुहूर्त का इंतजार है। अब देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाह होने प्रारंभ हो जाएंगे। इस बार जहां नवंबर में थोक में 12 से 29 नवंबर तक 11 मुहूर्त हैं, वहीं दिसंबर में 4 से 15 दिसंबर के बीच में आधा दर्जन मुहूर्त हैं। ऐसे में अब फिर से शादियों का सीजन लौट रहा है। सीजन लौटने से पहले ही बाजार में रौनक है और लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। शादियों के लिए लोग सराफा बाजार में जेवरों की खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि इस समय सोने की कीमत आसमान पर है, इसके बाद भी लोग सोने और चांदी के जेवर ले रहे हैं। लोग अपने बजट के हिसाब सोना ले रहे हैं। इसमें कम ग्राम की खरीदारी का तरीका अपनाया जा रहा है।



### 400 करोड़ का कारोबार

हाईलेवल शादियों के लिए बड़े होटल और मैरिज हॉल बुक किए जा रहे हैं तो बाकी छोटे मैरिज हॉल और भवन बुक कर रहे हैं। मैरिज हॉल के साथ कैटरिंग और टेंट वालों की भी बुकिंग हो गई है। कारोबारियों की मानें तो इस सीजन में सभी सेक्टरों को मिलाकर चार सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने की संभावना है। टेंट कारोबारी जसपाल सिंह होरा के मुताबिक, यह सीजन अच्छा जाने वाला है, क्योंकि इस बार मई और जून में शादियां न होने के कारण लोगों को नवंबर और दिसंबर के मुहूर्त का ही इंतजार था। इसलिए सभी ने अभी से बुकिंग करा ली है। सभी सेक्टर में अच्छे कारोबार की संभावना है।

### होटल, मैरिज हॉल, कैटरिंग, सबकी पहले से बुकिंग

राजधानी में 50 से ज्यादा बड़े होटल और मैरिज हॉल हैं। इसमें करीब चार हजार कमरे हैं। इनमें से ज्यादातर शादियों के मुहूर्त के दिनों के लिए बुक हो गए हैं। लोग किसी भी कीमत में बाद में परेशान नहीं होना चाहते, यही वजह है कि नवंबर और दिसंबर के सभी मुहूर्त में होटल, मैरिज हॉल और छोटे सामुदायिक भवन भी बुक हो गए हैं। लोग अपनी हैसियत के हिसाब से बुकिंग करा रहे हैं।

### दो माह के मुहूर्त

12 नवंबर
13 नवंबर
16 नवंबर
17 नवंबर
18 नवंबर
22 नवंबर
23 नवंबर
25 नवंबर
26 नवंबर
28 नवंबर
29 नवंबर
4 दिसंबर
5 दिसंबर
9 दिसंबर
10 दिसंबर
14 दिसंबर
15 दिसंबर

### पंजाबी सनातन सभा का परिचय सम्मेलन 16 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा का 28 वां पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन 16 नवंबर को पंजाब केसरी भवन,जोरा में आयोजित किया जा रहा है। सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना एवं मेरिज ब्यूरो सचिव प्रीतम अरोरा ने बताया कि सम्मेलन में प्रतिभागी युवक या युवती के साथ उसके 2 अभिभावक शामिल हो सकते हैं। दूर दराज क्षेत्रों से आए लोगों के लिए रुकने और खान पान की व्यवस्था की गई है।परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को पंजीयन कराना होगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा की ओर से पंजीयन प्रारंभ किया गया है। वॉट्सऐप एवं ऑन लाइन के द्वारा भी पंजीयन कराया जा सकता है।पंजाब केसरी भवन के मेरिज ब्यूरो का निर्धारित मोबाइल नंबर में फोन करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पदाधिकारी द्वय ने बताया कि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के अलावा नागपुर, जबलपुर, भोपाल से समाज के प्रतिनिधि अपनें शहरों में दर्ज बॉयोडाटा लेकर आएंगे, जिसे सम्मेलन में आये प्रतिभागी निशुल्क अवलोकन कर सकेंगे। सभा की ओर से प्रति वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

# राप्रसे के पदोन्नत अधिकारियों ने जताया सीएम का आभार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सोमवार को उनके निवास कार्यालय में राज्य प्रशासनिक सेवा के पदोन्नत अधिकारियों ने मुलाकात कर उनके प्रति आभार जताया। उल्लेखनीय है कि राज्य प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ सेवा वेतनमान पर कार्यरत 64 अधिकारियों को प्रवर सेवा वेतनमान पर तथा कनिष्ठ सेवा वेतनमान पर कार्यरत 25 अधिकारियों को वरिष्ठ सेवा वेतनमान पर विगत 28 अक्टूबर को पदोन्नत किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्य प्रशासनिक सेवा से प्रणव सिंह, मनीष मिश्रा, नवीन कुमार ठाकुर, अभिलाषा पैकरा, विनायक शर्मा, अरुण वर्मा,गीता दीवान, अर्चना पांडेय, डॉ. दीप्ति वर्मा, मधु हर्ष, ऋतु हेमनानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## खरोरा में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के हनुमान मंदिर परिसर में संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें प्रकाश चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर ने कहा कि लोगों ने मिलकर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने मंदिर परिसर से प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया और आसपास के क्षेत्र को साफ किया और प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया एवं उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस सेवा अभियान की सराहना करते हुए लोगों को संदेश दिया कि इस तरह के प्रयासों से मंदिर परिसर की साफ-सफाई बनी रहेगी और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेगी। जन्मदिन पर मुकेश चंद्राकर ने भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की।

## कांग्रेस पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**महासमुंद।** ऑल इंडिया किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा किसान कांग्रेस पदाधिकारियों को महाराष्ट्र विधानसभा के अलग-अलग विधानसभा में जिम्मेदारी दी गई। महासमुंद के किसान नेता दाऊलाल चंद्राकर अलमोरी विधानसभा का प्रभार दिया गया है। इसी तरह से किसान नेता राजेश जैन को रालेगण विधानसभा की जिम्मेदारी दी गई है। बहुत ही जल्द किसान कांग्रेस के नेता महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक के रूप में रवाना होंगे। उक्त नियुक्ति ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी किसान कांग्रेस प्रकोष्ठ महामंत्री महामंत्री अखिलेश शुक्ला द्वारा जारी की गई है।



## विद्यालय में न्योता भोज

**महासमुंद।** ग्राम पाटिलबाहरा के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला संकुल केन्द्र बेलसोंडा में स्कूल की प्रधान पाठिका भुनेश्वरी चंद्राकर ने अपने बेटी के जन्म दिवस पर विद्यालय में न्योता भोज कराया। न्योता भोज में विद्यार्थियों को भजिया, जलेबी और अंडा परोसा गया। इस मौके पर समस्त विद्यालयीन स्टाफ सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

**मांग: तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समितियों के कर्मचारी हड़ताल पर**

# सेवा सहकारी समिति में वीरानी छाई राशन दुकानों में भी लटका ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




लंबर सहकारी समितियों की हड़ताल की वजह से शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में ताला लटकने से किसानों व आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली त्यौहार के बाद हर किसी को राशन की आवश्यकता होती है, ऐसे समय में एकाएक हड़ताल से कामकाज पूरी तरह ठप है। वहीं 14 नवंबर से की जाने वाली धान खरीदी की तैयारियां बुरी तरह से प्रभावित होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार सूखत की मांग को लेकर प्रदेश भर की सहकारी समितियां अपनी मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। समिति प्रबंधक के अनुसार गत वर्ष बरदाना की राशि ब्याज अनुदान अभी तक समितियों को अप्राप्त है। पूर्व में समिति के सदस्यों द्वारा शासन-प्रशासन के मंत्रियों को भी आवेदन पत्र दिया गया था। किंतु, इस पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते आक्रोशित सहकारी कर्मियों ने आंदोलन शुरू कर दिया। हड़ताल के दूसरे दिन भी सभी सहकारी समितियों में ताला लटका हुआ था। जिसके कारण हितग्राहियों को चावल मिट्टी तेल, शक्कर तथा अन्य सामग्री उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसानों का कामकाज नहीं हो पा रहा है। हड़तालियों में प्रबंधक लिपिक, सहायक लिपिक, ऑपरेटर, विक्रेता, चपरासी, चौकीदार आदि शामिल हैं। यदि समय रहते इनकी मांगों का निराकरण नहीं होने से धान खरीदी प्रभावित होने के साथ साथ सभी हितग्राहियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# महिला पतंजलि योग समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला पतंजलि योग समिति की राज्य कार्यकारिणी सदस्य हेमलता साहू के नेतृत्व में जिला महिला पतंजलि योग समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चल रहे निःशुल्क योग शिविर की सफलता को देखते हुए सराहना की गई। साथ में 10 नवंबर 2024 को हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन में योग सह शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम किए जाने की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य महिला पतंजलि प्रभारी जया दीदी का आगमन हो रहा है। बैठक में मुख्य रूप से भारत स्वाभिमान न्यास मंच के प्रभारी तिलक साव, महामंत्री रमेश चंद्र राय, राजेंद्र वर्मा, मन्नू लाल साहू, संदीप पतले जिला मीडिया प्रभारी तथा महिला पतंजलि योग समिति की अध्यक्ष सुमती साहू, महामंत्री पूनम पटले, संरक्षिका कुमुदिनी साव, तहसील प्रभारी कुलेश्वरी साहू, नूपुर श्रीवास्तव आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## नायब तहसीलदार झलप ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया जन्मदिवस



महासमुंद। मंगलवार को जोरातराई कमारडेरा के नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाने के लिए झलप के नायब तहसीलदार नीरज कुमार पहुंचे। उन्होंने अपना जन्मदिवस मनाने के लिए प्राथमिक शाला जोरातराई कमारडेरा को चुना। अपने जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों को अपने हाथों से मिठाई खिलाई। इस अवसर पर झलप के संकुल समन्वयक सतीश तिवारी, छिलपावन के संकुल समन्वयक कौशल किशोर सिन्हा, प्रधान पाठक धर्मेंद्र मल्हारे सहित जनपद सदस्य एवं पंच उपस्थित रहे।

# तथाकथित भाजपा नेताओं के संरक्षण में हो रहा मजदूरों का पलायन : विनोद

## अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 के तहत होनी चाहिए कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में इन दिनों भट्ठा दलालों द्वारा मजदूरों का बड़ी संख्या में अवैध पलायन कराया जा रहा है। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने विज्ञप्ति में बताया कि जिले में इन दिनों भट्ठा दलालों द्वारा भोले-भाले ग्रामीणों को बहला फुसलाकर तथा रुपए का लालच देकर मजदूरी के लिए छत्तीसगढ़ से बाहर उत्तरप्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में ले जाया जा रहा है। दलालों द्वारा मजदूरों को पहले ही रुपए देकर फंसाया जा रहा है तथा रुपए देकर जबरदस्ती पलायन करने विवश किया जा रहा है।

यदि कोई मजदूर ईंट भट्ठा जाने से मना करता है तो उनके साथ मारपीट तथा रुपए वसूली के नाम पर औने-पौने ब्याज जोड़कर प्रताड़ित किया जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि इस पलायन के चलते छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभावित होंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को भी प्रभावित



किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मजदूरों के इस बलात और अवैध पलायन पर गौर किया जाए, तो इसमें संलिप्त भट्ठा दलाल अपने आप को भाजपा का नेता बता रहे हैं तथा अपनी गाड़ियों में भाजपा का झंडा लगाकर गांव-गांव घूमते हुए मजदूरों को डरा धमकाकर तथा लालच देकर इस कृत्य को अंजाम दे रहे हैं।

### मजदूरों का अवैध पलायन डबल इंजन की सरकार की नाकामी

चंद्राकर ने कहा कि चुनाव के दौरान जिस तरह भारतीय जनता पार्टी ने डबल इंजन सरकार का सपना दिखाते हुए नवयुवकों को रोजगार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार, कृषकों के जीवन स्तर में सुधार की बातें कही थी, वह आज निरर्थक और थोथी साबित होती नजर आ रही है। छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता का इस प्रकार अवैध रूप से पलायन कराया जाना तथा भट्ठा दलालों को खुद को भाजपा नेता बताना इस सरकार की नाकामी को दर्शा रहा है। चंद्राकर ने शासन प्रशासन से अपील की है कि इन तथाकथित भाजपा नेताओं का चोला पहने भट्ठा दलालों के खिलाफ अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979 प्रवासी श्रमिक रोज़गार कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए।

# शिक्षक संघ का प्रांतीय निर्वाचन घुंचापाली में 9-10 को, जुटेंगे राज्यभर के आचार्य वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग शिक्षक संघ का प्रांतीय

- **9 को शाम 7 बजे प्रांतीय महासभा की होगी बैठक, राष्ट्रहित, शिक्षा, शिक्षार्थी एवं शिक्षक हित में लेंगे निर्णय**

निर्वाचन मां चंडी मंदिर परिसर घुंचापाली (बागबाहरा) में 9 एवं 10 नवंबर को होगा। जिला की ओर से प्रांतीय मंत्री उमेश भारती गोस्वामी एवं जिला अध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि प्रांतीय निर्वाचन में राज्यभर से महासभा परिषद के 254 सदस्य मतदाता के रुप में उपस्थित होंगे। सर्वप्रथम 9 नवंबर को शाम 7 बजे प्रांतीय महासभा की बैठक होगी। जिसमें राष्ट्रहित, शिक्षा, शिक्षार्थी एवं शिक्षक हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। पश्चात 10 नवंबर को प्रातः 9 बजे से प्रांताध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रांतीय मंत्री के लिए निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ होगी एवं परिणाम शाम 5 बजे तक घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त निर्वाचन के लिए पूर्व प्रांताध्यक्ष सुधीर गौतम मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं डॉ. रविंद्र चौहान, वेणु दिल्लीवार, मनोज तिवारी, मंगशराम महतो, नोहर सिंह सहायक निर्वाचक होंगे उन्हीं के दिशा निर्देशों पर चुनाव होगा।

जिलाध्यक्ष टेकराम सेन द्वारा जिला एवं ब्लाक के पदाधिकारियों को अपील करते हुए कहा कि राज्यभर के शिक्षकों का महासमुंद जिला में आगमन हमारा सौभाग्य है। ऐसे में सभी पदाधिकारी शिक्षकों/आचार्य वीरों के स्वागत में किसी भी तरह कमी न करें। तत्संबंध में जिला की ओर से संपूर्ण व्यवस्था के लिए जिम्मेदारी उमेश भारती गोस्वामी, अशोक शर्मा बसना, राजेंद्र इंगोले, यूके दास पिथौरा, चंद्रहास पात्र सरायपाली, ज्योतिष चौधरी, भागवत जगत, अरुण प्रधान, मधु शर्मा महासमुंद, डोमन सिंह टंडन बागबाहरा, विजय लक्ष्मी चंद्राकर, भगोलीराम साहू को दी गई है।

आवास व्यवस्था के लिए मुख्य रुप से राजेश शर्मा, रोहिणी देवांगन, राधेश्याम निषाद, किशोर कमार रथ एवं अनिल पटेल, खगेंद्र तारक को दी गई है। भोजन व्यवस्था के लिए अविनाश लाल, लक्ष्मीकांत सिन्हा, रामकेवल टंडन, नारायण धीवर, बिसेलाल ध्रुव, टोप सिंह पटेल, पिरीत पटेल एवं पंजीयन के लिए मानिक साहू, चेतन सिंह दीवान, अंतर्यामी प्रधान, पदम लोचन प्रधान, कुबेर साहू, रामकुमार साहू, गैंदलाल साहू, सुशील शर्मा, राकेशधर शर्मा, आशा साहू, लता वैष्णव, विजयलक्ष्मी चंद्राकर, चंद्रहास पात्र को जिम्मेदारी दी गई है।

बैठक व्यवस्था के लिए तिलक चंद्राकर जिला सचिव एवं केतन साहू, मधु शर्मा को जल व्यवस्था के लिए भगोलीराम साहू को जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार फ्लैक्स, परिचय पत्र, निर्वाचन प्रमाण पत्र, बैग माईक, स्टेशनरी आदि की व्यवस्था के लिए प्रमुख रुप से भागवत जगत को प्रभार दिया गया है। प्रमुख संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले, जिलाध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि तत्संबंध में आवश्यक बैठक 7 नवंबर दोपहर 2 बजे घुंचापाली चंडी मंदिर प्रांगण में होगी।

# उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में विधायक चातुरी ने किया चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



विधायक चातुरी नंद ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में ब्राम्हण पारा में चुनाव प्रचार किया। साथ ही वार्ड के कांग्रेस पदाधिकारियों से भेंटकर चुनाव जीतने के लिए रणनीति तैयार की। चुनावी चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भाजपा सरकार के महज दस महीने के कार्यकाल में प्रदेश आज अपराध का गढ़ बन चुका है।

चाहे कवर्धा का लोहारीडीह कांड हो या फिर बलरामपुर, सूरजपुर की घटना। भाजपा की साय सरकार कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था से आज आम जनता इस सरकार से असंतुष्ट और आक्रोशित है। रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था बड़ा मुद्दा है और क्षेत्र की जनता इस बार कांग्रेस प्रत्याशी को अपना समर्थन देने तैयार है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के सांसद कार्यकाल के दौरान उनकी निष्क्रिय कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें आम जनता द्वारा नकराने की बात कही। बता दें कि रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में सरायपाली विधायक चातुरी नंद को 3 वार्डों का प्रभारी बनाया गया है। चुनाव प्रचार के दौरान वार्ड की सह प्रभारी सुनीता शर्मा, युवा कांग्रेस नेता सुयश शर्मा, जयंत यादव समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## विकासखंड स्तरीय स्काउट-गाइड तृतीय सोपान जांच शिविर चंडी मंदिर प्रांगण बिरकोनी में आज से

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ महासमुंद के निर्देशानुसार विकासखंड महासमुंद द्वारा 6 नवंबर से 9 नवंबर तक 4 दिवसीय आवासीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन बिरकोनी के चंडी मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। शिविर में शामिल होने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा द्वारा सभी उच्च प्राथमिक शालाओं, हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूल को स्काउट गाइड शामिल कराने के लिए कोटा दिया गया है, जिसके अनुसार उच्च प्राथमिक शालाओं के लिए 4 स्काउट या गाइड, हाईस्कूल के लिए 8 स्काउट एवं 8 गाइड प्रभारी शिक्षक के साथ शामिल होंगें। शिविर के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला पर्यवेक्षक के रूप में रामकुमार साहू मुख्यालय आयुक्त, प्रमोद कुमार कन्नौजे जिला सचिव को नियुक्त किया गया है। शिविर का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुन्द द्वारा किया जाएगा। अध्यक्षता विकासखंड के अध्यक्ष कौशलेन्द्र वैष्णव करेंगें। विशिष्ट अतिथि के रूप में येतराम साहू जिलाध्यक्ष स्काउट गाइड, यतेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष महासमुंद, अमर अरूण चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, विकासखंड के उपाध्यक्षगण मनीश शर्मा, देवीचंद राठी, तारा चंद्राकर, शुभ्रा शर्मा, सीता टोंडेकर, नितेश श्रीवास्तव, ताम्रध्वज निषाद सरपंच बिरकोनी, दिनेश्वर चंद्राकर अध्यक्ष चंडी मंदिर समिति, तेजनाथ चंद्राकर सचिव चंडी मंदिर समिति होंगे। इसी प्रकार 7 नवंबर को स्काउट गाइड के स्थापना दिवस पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा के मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर जिला मुख्य आयुक्त, अध्यक्षता येतराम साहू जिलाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि के रूप में कौशलेंद्र वैष्णव, जिला एवं विकासखंड के समस्त उपाध्यक्षगण, ताम्रध्वज निषाद सरपंच, दिनेश्वर चंद्राकर अध्यक्ष मंदिर समिति बिरकोनी होंगे। महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम दिनांक 8 नवंबर को शाम 6.30 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त, अध्यक्षता येतराम साहू जिलाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रहास चंद्राकर, दाउलाल चंद्राकर, यतेंद्र साहू, कौशलेंद्र वैष्णव, जय पवार, धर्मशीला दास, आनंद साहू, अशोक अग्रवाल, एस चंद्रसेन, सुधा साहू, ताम्रजध्वज निषाद होंगे।




## युवा यादव समाज ने किया गिरि गोवर्धन पूजा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

युवा यादव समाज द्वारा अपने पहले ही गठन के पश्चात पहली बार विशाल व शानदार आर्केस्ट्रा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस संगीत कार्यक्रम का सभी दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। काफी लंबे अरसे के बाद इस तरह के संगीत कार्यक्रम का आयोजन किए जाने से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रोताओं ने मनोरंजन का आनंद उठाया। नई मंडी में आयोजित ओडिशा की प्रसिद्ध डॉ अर्चना पाढ़ी स्टार नाइट के आयोजन अवसर पर खल्लारी विधानसभा के विधायक द्वारिकाधीश यादव ने जय यादव जय माधव के उद्घोष के बाद अपने संक्षिप्त भाषण में गिरि गोवर्धन पूजा के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि मैंने अपने जीवन काल में पहली बार गिरि गोवर्धन पूजा के अवसर इतना बड़ा आयोजन पहली बार देखा है। भगवान कृष्ण ने गिरी गोवर्धन पूजा का आव्हान इंद्रदेव के अहंकार को समाप्त किए जाने के लिए किया था। इस आव्हान को आज युवा यादव व यादव समाज इसे आगे बढ़ाने में प्रयासरत है। भगवान कृष्ण की लीलाओं में कहीं न कहीं अच्छाई व सीख का संदेश जरूर रहता है। हमें उन अच्छाइयों व सीखों को ग्रहण कर जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

**पेज 9 के शेष...**

### गरियाबंद बनेगा ...

गरियाबंद में विकास की अपार संभावनाएं हैं और जिला उत्कृष्ट बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू, बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेजा, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव समेत बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

### आंबा सहायिका...


उनके प्रमाणित दस्तावेज़ को नवीन दस्तावेज बताकर अस्वीकार कर दिया और दावा-आपत्ति में शामिल नहीं किया। अभ्यर्थी ने इसे भ्रष्टाचार और षड़यंत्र का मामला बताते हुए न्याय की मांग की है।

### कोदोपाली में धान...

से सम्पर्क करने के लिए निर्णय लिया गया। जिसके बाद गरियाबंद कलेक्टर से मुलाकात करते हुए समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि ग्राम कोदोपाली में धान खरीदी केंद्र खोलने के लिए हमारे स्तर पर अनुमोदन भेज दिया गया है। वहीं किसानों ने त्वरित धान खरीदी केंद्र खोलने के लिए मुख्यमंत्री, खाद्यान्न सहकारिता, प्रभारी मंत्री से मिलने रायपुर पहुंच सौजन्य मुलाकात करने का निर्णय लिया गया है।

### परख से होगा...

निर्देश तय किए जाते हैं। यह परीक्षा तीसरी, छटवी एवं नवमी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए होगा। अतःसभी विद्यालय में विद्यार्थियों को इनकी नियमित रूप से तैयारी कराई जावे। वहीं अपार आईडी के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि अपार जिसका अर्थ स्वचालित स्थाई शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री है। यह एक विशेष पहचान प्रणाली है जो भारत के सभी छात्रों के लिए डिजाइन की गई है। यह पहल भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी कार्यक्रम का हिस्सा है जो 2020 की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अपार आईडी को अकादमी बैंक आफ क्रेडिटस और डिजिटल लॉकर से जोड़ा गया है जो एक ऑनलाइन संग्रहण प्रणाली है। जहां छात्र सुरक्षित रूप से अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज परीक्षा परिणाम और शैक्षिक प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### कानून व्यवस्था बनाने भाजपा सरकार फेल

**अभनपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर अभनपुर बस स्टैण्ड में ब्लॉक कांग्रेस के तत्वाधान में प्रदेश के कानून व्यवस्था के विरूद्ध धरना देकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धनेन्द्र साहू के नेतृत्व में तहसीलदार रामप्रसाद को ज्ञापन सौंपा गया। धरना स्थल में पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने लोगों को संबोधित करते कहा कि प्रदेशभर में असुरक्षा का माहौल है राजधानी मुख्यालय से लेकर गांव- गांव तक प्रत्येक दिन हत्या, लूटपाट व पुलिस अभिरक्षा मे मौत हो रही है। यहां तक की धर्म स्थलों को भी निशाना बनाया जा रहा है। दामाखेड़ा आश्रम में दर्जनों हथियार बंद अपराधी हमला किये हैं। कानून व्यवस्था के नाम से यह सरकार पूरी तरह फैल हो चुकी है। ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। राजधानी मुख्यालय में आये दिन हत्या, लूटपाट, चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ रही है। पुलिस प्रशासन उन पर लगाम नहीं लगा पा रही है। अगर सरकार नहीं जगती तो आगे और बड़ा आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष उधो वर्मा, प्रदेश सचिव प्रवीण साहू, नयापारा नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोला सोनवानी, सुशील शर्मा, पार्षद बलविंदर गांधी, राधाकृष्ण टंडन, जींतसिंग सरदार, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष गिरधारी साहू, डोमेन्द्र साहू, नीलकमल गिलहरे, फतीस साहू, जयवर्धन बघेल, निमा निम्बेकर, रोशनी कोसले, सालिकराम सोनकर, मोहन साहू, बालमुकुंद साहू, सीताराम साहू, ओमप्रकाश साहू आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रदेश में धान खरीदी 25 फरवरी तक हो : मिश्रा

**छुरा।** किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के साथ दोहरा व्यवहार किया जा रहा है, पहले धान खरीदी देर से प्रारंभ



किया जा रहा है। साथ-साथ अब तक के केंद्र से घोषित हुए धान के 117 रुपए अभी जोड़ा नहीं है। उन्होंने मांग की है कि किसानों की धान 25 फरवरी तक खरीदा जाए एवं शासन की घोषित 117 रुपए जोड़कर 3217 प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कीं इन सब मांगों को लेकर किसान कांग्रेस द्वारा पूरे प्रदेश में किसान न्याय यात्रा निकाली जाएगी, जिसका शुभारंभ 25 नवंबर से गरियाबंद जिले से प्रारंभ होगी, जो पदयात्रा करते हुए एक धान खरीदी केंद्र से दूसरे खरीदी केंद्र तक जाएगी और शासन से किसानों के बड़े हुए रेट और धान खरीदी समय बढ़ाने की मांग करेगी।

### भाजपाइयों का एसडीएम कार्यालय परिसर में भेंट कार्यक्रम स्थगित

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा और भाजपा नेताओं द्वारा प्रत्येक बुधवार को एसडीएम कार्यालय में किए जाने वाले भेंट कार्यक्रम को अभी रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव तक स्थगित किया है। विमल चोपड़ा ने बताया कि रायपुर दक्षिण विधानसभा के सिविल लाइन मंडल क्षेत्र में प्रभार मिलने के कारण उपचुनाव में व्यस्तता के चलते आने वाले बुधवार को भेंट कार्यक्रम स्थगित किया गया है। प्रत्येक बुधवार को सुनी जाने वाली समस्याओं को 13 नवंबर के बाद आने वाले बुधवार 20 नवंबर को डॉ. चोपड़ा व अन्य साथियों द्वारा सुनी जाएगी।

## निधन

### सम्महन लाल चक्रधारी

**कोपरा।** नगर पंचायत कोपरा निवासी और थल सेना से नायक



पद पर सेवानिवृत्त सम्महन लाल चक्रधारी 41 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागिरक शामिल हुए।

---

## विडंबना : खेती किसानी से दूर कमार जनजाति के लोग बांस से सामान बनाकर चला रहे जीवन

# देवडोंगर और चारडीही के ग्रामीणों को नहीं मिल रही बुनियादी सुविधाएं, राशन के लिए 10 किमी का सफर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर**

जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के आश्रित ग्राम देवडोंगर व चारडीही जो मैनपुर से 14 किलोमीटर दूर घने जंगल और पहाड़ी के ईलाके में बसा हुआ है। यहां के लोग आजादी के सात दसक बाद भी मूलभत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे है, तहसील मुख्यालय मैनपुर से 08 किलोमीटर दूर कुल्हाडीघाट मुख्य मार्ग से पगडंडी 6 किलोमीटर घने जंगलों को पार कर इस गांव में पहुंचा जाता है, गांव में प्राथमिक एंव मिडिल स्कूल है, प्राथकि स्कूल में दर्ज संख्या 21 छात्र- छात्राओं एवं मिडिल स्कूल में 11 छात्र- छात्राएं अध्ययनरत है, और इन्हे पढ़ाने के लिए एक -एक शिक्षक की व्यवस्था किया गया है, इस ग्राम में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोग निवास करते हैं, जिनके विकास और कल्याण के लिए कमार परियोजना का स्थापना किया गया है, और इसका कार्यालय जिला मुख्यालय गरियाबंद में है लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि अब तक पिछले 10 वर्षों में कमार विकास विभाग के कोई भी अफसर इस गांव में नहीं पहुंचे है और तो और सांसद और विधायक का इंतजार करते ग्रामीण थक चुके है।




### पक्की सड़क का जल्द हो निर्माण

ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के सरपंच धनमोतिन सोरी एंव पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी ने बताया कि गांव तक पक्की सड़क के लिए कई बार आवेदन देकर थक चुके हैं। अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। जल्द से जल्द पक्की सड़क का निर्माण होना चाहिए। सड़क निर्माण के बाद अन्य विकास कार्य ऐसे ही पहुंच जायेंगे।



### भेजा गया है प्रस्ताव

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी ने बताया कि ग्राम चारडीही और देवडोंगर में सभी ग्रामीणों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्की मकान का निर्माण किया जा रहा है। गांव में अन्य मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराने शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा गया है।



### पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण खेतों में नहीं ठहरता पानी

ग्राम चारडीही और देवडोंगर पहाडी चट्टान क्षेत्र में बसे होने के कारण यहां के खेतों में पानी नहीं ठहरता। जिसके कारण फसल नहीं हो पाता और ग्रामीणों को मजबूरन बांस, बर्तन बनाकर उसे मैनपुर साप्ताहिक बाजार में लाकर बेचते हैं। तब कहीं जाकर उनका जीवीकाउपार्जन होता है, ग्रामीण मनसाय, सुखराम, बुधुराम ने बताया कि सभी ग्रामीणों के पास खेत है और सभी ग्रामीण खेती किसानी करना चाहते है, 15 वर्ष पहले बिजली विभाग के मुख्य सचिव इस गांव का दौरा किया था तब उन्होने यहां ग्रामीणों को खेतों में टयूबवेल खनन करवाकर पानी उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं हुआ। ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मांग किया है कि कमार विकास परियोजना अंतर्गत गांव के खेतो में पानी की सुविधा उपलब्ध कराकर ग्रामीणों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

### सड़क निर्माण के लिए दर्जनों आवेदन दे चुके

कुल्हाडीघाट मुख्य मार्ग से 6 किलोमीटर दूर ग्राम चारडीही देवडोंगर तक पगडंडी सड़क है। इस सड़क में कई स्थानों पर नदी नाले गुजरती है। जहां वन विभाग द्वारा वर्षों पूर्व रपटा का निर्माण किया गया है लेकिन वह रपटा टूट गया है। जिसके कारण आये दिन ग्रामीणों को आने- जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण बालंचद कमार, सुखलसिंह कमार, धनसाय कमार, रामलाल कमार, हीरासिंह कमार, नंदलाल कमार, सुखराम कमार ने बताया कि दर्जनों बार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की सडक निर्माण की मांग कर थक चुके है, लेकिन अब तक पक्की सडक का निर्माण नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान यहां से 10 किलोमीटर दूर कुल्हाडीघाट में और चांवल, दाल, मिट्टी तेल राशन लेने के लिए जंगल को पार कर पैदल ग्रामीणों को कुल्हाडीघाट जाना पड़ता है।पीएमजनमन योजना के तहत पक्की सड़क निर्माण की ग्रामीणों ने मांग है।

---

# आए दिन गिट्टी से फिसलकर चोटिल हो रहे वाहन सवार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम**

रेलवे ठेकेदार के गैरजिम्मेदाराना हरकतों के कारण शहर के लोगों को तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिशकाल में उनके द्वारा नए बिछाए जा रहे पटरियों के किनारे गढ्ढे खोद दिया गया जिसमें डेड़-दो फीट पानी से भी ज्यादा भरा रहा। मैडम चौक से सदर की ओर जाने वाली सड़क का बुरा हाल कर दिया। वार्ड क्रमांक 2 जो हाइवे 130 से लगा हुआ है इसे भी बेहाल करके रखा हुआ है। सारे रास्ते ब्लॉक कर दिए गए है और जो एकमात्र रास्ता बचा हुआ है उसमें रेलवे क्रासिंग के पास महिने भर पहले से सड़क क्रॉस कर पटरी तो डाला पर इन्होने गिट्टियों को न तो लेबलिंग कराया और न ही सड़क के अनुसार समतलीकरण। ये रेलवे क्रासिंग एक तरह से लोगों के लिए जान का दुश्मन बन गया है। रोज कोई न कोई लोग यहां इस प्वाइंट पर गिर रहे है, चोटिल हो रहे है। यदि दुपहिया सवार महिला हो गई तो उन्हें तो इस प्वाइंट पर उतरकर चलना पड़ता है या फिर उनके पहिए गिट्टी के बीच फंस जाते है और वे गिर जाती है। ऐसा प्वाइंट है जो हाइवे 130 है,रायपुर-गरियाबंद को जोड़ने वाला मार्ग है। यात्री गाड़ियों से लेकर मालवाहक दौड़ते नजर आती है। ऐसे में यदि कोई दुपहिया सवार यहां फंस गया या गिर गया तो समझो बड़ी दुर्घटना होने से रोका नहीं जा सकेगा।



### समस्या का किया जाएगा समाधान

इस प्वाइंट को हमने गंभीरता से लिया है। वर्करो के छुट्टी में चले जाने के कारण ये काम हो नहीं पाया। मशीन भी नहीं उपलब्ध था। मै खुद देखा हूं, महसुस किया हूं कि आने-जाने वाले लोगों को खासतौर से दुपहिया सवार लड़कियों और महिलाओं को इस प्वाइंट पर बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस काम को आज ही करा देता हूं।

**- विनय सिंह,, प्रोजेक्ट मैनेजर रेलवे ठेकेदार।**

---

# मातर हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा : ठाकुर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा**

■ **ग्राम लोहझर में मातर उत्सव मनाया गया**

ग्राम लोहझर में 3 नवंबर को मातर का आयोजन किया गया। मातर कार्यक्रम में ग्राम के अलावा आसपास से भी लोग अधिक संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम सुबह से प्रारंभ होकर देर रात तक चलता रहा। मखना फोड़, सुआ नृत्य ,रस्सी खींच, रंगोली का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे बच्चों से लेकर बड़ों ने भी बढ़ जाकर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम के प्रमुख फलेंद्र ठाकुर, छत्तर ठाकुर, राजेश यादव, धनीराम यादव, गणेश यादव, यशवंत यादव, नोहर पटेल, खेदु पटेल, खम्मन ठाकुर, नेंनसिंह साहू, बंदे, हेमलाल पटेल, शंकर यादव गोविंद यादव, कल्याण यदु, अशोक वर्मा, कुलेश्वर साहू, परमेश्वर यादव, राधे साहू, ईश्वर साहू, डाहरु कोसले सहित ग्राम के प्रमुख उपस्थित थे। ग्राम के प्रमुख फलेन्द्र ठाकुर ने कहा कि हमारे बुजुर्गो ने हमें गौरवशाली परंपरा प्रदान किया है और मातर उत्सव प्रारंभ किया गया है इसे हम सब आगे बढ़ाना हैं।

---

# जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन, दावा आपत्ति 8 तक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम**

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 30 के साथ पठित पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 5 द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने जिला पंचायत के 16 निर्वाचन क्षेत्र का निर्धारण की अधिसूचना दिनांक 30 अक्टूबर को जारी कर दिया है। तदानुसार उक्त तिथि को ही जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रारम्भिक प्रकाशन हो चुका है जिसकी दावा आपत्ति 8 नवंबर तक कलेक्टर के पास किया जा सकता है। भाजपा नेता टीकम चन्द साहू ने बताया कि रायपुर जिला पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 16 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र जो कि तीन विधानसभा क्षेत्र अभनपुर,आरंग एवं धरसीवा के तहत आते हैं का सीमांकन दीपावली के बीच 30 तारीख धनतेरस को ही कर दिया गया था जिसके चलते क्षेत्र के लोगों को जानकारी नहीं हो पाई। बताया कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में चार जिला पंचायत सदस्यों का चुनाव होता है जिसमें कुल 105 ग्राम पंचायत समाहित है किन्तु इस बार के सीमांकन में कुल 12 ग्राम पंचायत जिसमें पौंता ,मोखला ,पंधी,निसदा,गोविन्दा,बनचरौदा,छटेरा,अकोलीकला लिंगाडीह, अकोलीखुर्द, गिधवा, भिलाई, चरोदा को आरंग विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक क्रमशः 12,15 में सम्मिलित कर दिया गया है जबकि पूर्व में ये ग्राम पंचायतें अभनपुर विधानसभा में ही रहा है।

### सीमांकन में हुए फेरबदल

टीकम चन्द साहू ने बताया कि अभी के सीमांकन में बहुत ही फेरबदल हुए हैं जो अभनपुर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक- 8 के अन्तर्गत 23 ग्राम पंचायत नायक बांधा, सातपारा, गोतियारडीह, मोहन्दी, झांकी,केन्द्री, बेन्द्री, निमोरा, सिवनी, धुसेरा, खिलोरा, तुता, ऊपरवारा, खंडवा, टोकरो, चन्डी, आमनेर, भेलवाडीह, बेलर, बिलोदा, बकतरा, सिंगारभाठा, सलोनी। क्षेत्र क्रमांक -9 में 22 ग्राम पंचायत जिसमें जुलुम, रवेली, आमदी, परसदा विद्या मंदिर, खट्टी, मुंडरा, कन्हेरा, टेकारी, पलौद, सोनपैरी, छछानपैरी, खोपरा, भटगांव, ढोंढरा, परसुलीडीह ,भरेंगा, उल्बा, लमकेनी, भांठापारा (बेलर), संकरी,कोलर, सारखी । क्षेत्र क्रमांक -10 में 25 ग्राम पंचायत जिसमें परागांव,कोलियारी, घोंट, परसदा सोंठ, छांटा, जामगांव, खोल्हा, जंवईबांधा, पचेड़ा, गिरोला, दादरझोरी, उमरपोटी, आलेखुंटा, पिपरौद, कुर्रा, सोनेसिली, तर्री, ढुलना, हसदा, मानिकचौरी, ठेलकाबांधा, गातापार, डोंगीतराई, पटेवा, चिपरीडीह। क्षेत्र क्रमांक-11में 23 पंचायत के तहत भोतीडीह, चम्पारण, टीला, तामासिवनी, डोमा, मोखेतरा, उगेतरा, नवागांव कठिया, कुल्लू, चेरिया, तेंदुआ, डंगनिया, नवागांव लखना, पोंड़, जौन्दा, जौन्दी, कठिया, तोरला, भुरका, सुन्दरकेरा, थनौद, तर्रा, मन्दलोर शामिल हैं।

---

### बाजार में गर्म कपड़े की बढ़ी मांग

**मैनपुर।** दीपावली त्योहार के बाद ठंड के अहसास के साथ ही अब रात में मौसम का पारा गिरने लगा है। सुबह और शाम ठंडकता का अहसास होने लगा है। नगर के सभी कपड़ा दुकानों में गर्म कपड़ों का



नया स्टाक पहुंच गया है और लोग खरीदी करने पहुंच रहे हैं। अब गर्म उनी कपडों की मांग भी बढ़ने लगी है, कपड़ा दुकानों में रजाई, जैकेट, मफल, स्वेंटर, साल कंबल, की बिक्री बढ गई है। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के कपड़ा व्यापारी बिट्टु गुप्ता ने बताया कि ठंड के साथ ही गर्म कपडों की मांग बढ गई है , ग्रामीण क्षेत्रें से लोग बडी संख्या में गर्म कपडे खरीदने पहुच रहे हैं।

---

# झराबहाल में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर**

झराबहाल में आयोजित भागवत सप्ताह शुरू,भव्य कलश यात्र निकाली गई। कथावाचक युवराज पाण्डेय ने नगर भ्रमण किया। जगह -जगह पांव पखार किया गया व आत्मीय स्वागत किया गया। पहले दिन कथा वाचक ने गौकरण कथा और भागवत महत्तम की कथा बताई। झराबहाल ग्रामीण और कौशिक परिवार के तत्वाधान में किए जा रहे भागवत सप्ताह का आज शुभारंभ धूमधाम से हुआ। आयोजन के पहले दिन वेदी पूजन, गौकरण कथा, भागवत महत्तम, कलयुग जन्म की कथा सुनाई गई। आयोजन का समापन 10 नवंबर को पूर्णाहुति के साथ होगा। कथा में जजमान कर्ता के रूप में सेवा निवृत्त पंचायत सचिव रामकुमार कौशिक एवं उनकी धर्मपत्नी भारती कौशिक ने संकल्प ग्रहण किया। ग्राम की महिलाएं भारी संख्या में कलश यात्र में शामिल हुए। यात्रा में साथ -साथ चल रहे,कीर्तन मंडली और घंट शंख की गूंज से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। जगह- जगह आतिशबाजी किया गया। झराबहल से निकली यात्र राजापारा स्थित तालाब पहुंच कलश जल लिया। यात्रा में शामिल सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित रामानुज युवराज पाण्डेय का आयोजक परिवार के अलावा ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। कलश यात्रा के साथ- साथ चल रहे कथा वाचक का जगह- जगह पांव पखार, फूल बरसा कर आत्मीय स्वागत किया गया।



---

## क्षेत्र सहित अंचल में युद्ध स्तर पर चल रही धान की कटाई

# औने-पौने दाम में धान बेच रहे किसान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला**

क्षेत्र सहित पूरे अंचल में धान की कटाई युद्ध स्तर पर चल रहा है। लेकिन समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अभी 9 दिन शेष हैं। 14 नवंबर से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किये जाने का प्रस्ताव है। 31 जनवरी तक धान खरीदी चलेगी। इधर किसानों के पास धान कटाई व मिंजाई के पैसे देने के लिए औने - पौने दाम में किसान धान बेचने में मजबूर हो रहे हैं। आजकल हार्वेस्टर में ही ज्यादातर कटाई होती है। जिसके नकद पैसे देने होते हैं। अब किसानों को धान खरीदी का बेसब्री से इंतजार है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर है। मगर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पंजीयन क्रमांक 1769 रसेला सहित क्षेत्र के समितियों के कर्मचारियों 4





नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। धान खरीदी की तैयारियां में जुट प्रशासन के लिए यह बड़ी चुनौती है। सहकारी समिति रसेला के प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने बताया कि प्रदेश भर की 2058 सहकारी समिति में कार्यरत तकरीबन 13 हजार कर्मचारियों ने अपने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। उनके मुताबिक मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी प्रत्येक समिति को प्रतिवर्ष 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय वेतन अनुदान राशि प्रदान करने, सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी नीति में 16.9 में 3 फीसदी सूखत मान्य प्रावधान करने की मांग की गई है। वहीं दूसरी ओर विडंबना ये है कि पिछले साल की धान खरीदी कमीशन अब तक नहीं मिला है। बारदाना की राशि, ब्याज अनुदान की राशि अभी तक समितियों को प्राप्त नहीं हुई है। इसके कारण समितियों के कर्मचारियों को वेतन की लाले पड़े हैं। समय पर खरीदी ना होने के कारण किसानों को अपनी फसल को खेत, खलिहान, घर में भंडारण करना पड़ रहा है। इसके चलते न सिर्फ उनका श्रम और समय बर्बाद हो रहा है , बल्कि रखवाली के लिए अतिरिक्त खर्च भी बढ़ गया है। किसान देवलाल बारिक, शंकर कुर्रे, कृष्णा साहू, रिखी दास, राधे सेन, सुकालु साहू, तेजराम साहू, ठाकुर राम चन्द्राकार, नंदू चन्द्राकार, जयलाल यादव, कल्याण सिंह ठाकुर आदि किसानों का कहना है कि अगर खरीदी की प्रक्रिया कटाई के साथ ही शुरू होती तो उन्हें इस तरह का आर्थिक संकट नहीं झेलना पड़ता। खरीदी में देरी से उनकी आर्थिक स्थिति और भी जटिल हो रही है।

